
# आज होगा इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

## कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा कॉन्क्लेव

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 मई. मप्र ने उद्योग, अधोसंरचना, नीति सुधार, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट और निवेश सुविधा के क्षेत्र में जिस तेज गति से कार्य किया है, उसने दुनिया की बड़ी कंपनियों का ध्यान राज्य की ओर आकर्षित किया है.**

फ्रांस की प्रतिष्ठित कंपनियों और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भोपाल में मौजूदगी इसी बढ़ते विश्वास का संकेत मानी जा रही है.



भोपाल में 12 मई को होने जा रहे इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर लगातार मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है.

कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में यह आयोजन केवल एक निवेश बैठक नहीं, बल्कि उस बदलती औद्योगिक सोच और वैश्विक संवाद का विस्तार है. इसमें मध्यप्रदेश अब निवेश प्राप्त करने वाले राज्य की भूमिका से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारियों का सक्रिय केंद्र बन रहा है. इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और मप्र शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में फ्रांस के राजदूत, फ्रांसीसी उद्योग जगत के प्रतिनिधि, वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, मप्र शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और प्रदेश के उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे. कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक, तकनीकी और संस्थागत साझेदारी होगी. इससे

> कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 12 मई को आयोजित होने वाले मुख्य सत्र में मप्र की औद्योगिक नीतियों, निवेश प्रोत्साहन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और निवेश सुविधा सिस्टम पर विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के मुख्य सत्र को संबोधित करेंगे.प्रदेश के लगभग 60 से 80 उद्योग प्रतिनिधियों की भागीदारी भी कार्यक्रम में प्रस्तावित है. इनके और फ्रांसीसी कंपनियों के बीच बी-2-बी और बी-2-जी बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें संभावित निवेश, संयुक्त उपक्रम, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा होगी.

राज्य सरकार फ्रांसीसी कंपनियों को मप्र के औद्योगिक वातावरण, निवेश संभावनाओं, नीति समर्थन और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक इको-सिस्टम से अवगत कराएगी. कार्यक्रम में एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल एवं ईवी, कंज्यूमर गुड्स एवं रिटेल, डिफेंस एवं एविएशन, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस, रिन्यूएबल एनर्जी, टेक्सटाइल, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा.



# प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई ने ओंकारेश्वर में पूजा-अर्चना की

**ओंकारेश्वर, 11 मई. आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े भाई प्रहलाद मोदी ओंकारेश्वर पहुँचे, जहाँ उन्होंने भगवान श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया.**

मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया. विद्वान पुरोहितों के सानिध्य में उन्होंने गर्भगृह में भगवान ज्योतिर्लिंग का अभिषेक कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगल कामना की. दर्शन उपरांत मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें प्रसाद एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया.

# पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार

## दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से मुकाबला जीता

**धर्मशाला, 11 मई. आईपीएल 2026 के 55वां मुकाबला सोमवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया. इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से मुकाबला जीत लिया. ये पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार थी. मुकाबला धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर हुआ जहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पंजाब ने अय्यर-प्रियांश की फिफ्टी के दम पर 210 रन बनाए थे. जिसे दिल्ली ने 19वें ओवर में चेज कर लिया और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा.**

211 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही. और अभिषेक पोरेल और केएल राहुल दोनों ही फ्लॉप रहे. साहिल पराख और स्टब्स भी कुछ खास नहीं कर सके. लेकिन अक्षर पटेल ने पारी को संभाला और फिफ्टी जड़ी. अक्षर ने 30 गेंद में 56 रन बनाए. इसके बाद डेविड मिलर और आशुतोष ने पारी को संभाला. मिलर ने 28 गेंदों में 51 रन ठोके और 4 छक्के जड़े.

इसके बाद आशुतोष शर्मा ने 10 गेंद में 24 रन बनाए और माधव तिवारी ने 8 गेंद में 18 और आकिब ने 2 गेंद में 10 रन ठोक दिए. जिसके दम पर दिल्ली ने ये मैच जीत लिया.

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की पारी का आगाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने किया. दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की. इसी बीच, प्रियांश आर्य ने 24 गेंद में फिफ्टी जड़ी. पंजाब को पहला झटका 7वें ओवर में लगा जब प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हो गए. 9वें ओवर में पंजाब को दूसरा झटका लगा जब प्रियांश आर्य 56 रन बनाकर माधव तिवारी का शिकार बने. लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर और कूपर कोनली ने अच्छी बल्लेबाजी की. अय्यर ने नाबाद 59 रन बनाए. जिसके दम पर पंजाब ने 5 विकेट खोकर 210 रन बनाए.

## सीएम की सुरक्षा में चूक, सीएम के करीब पहुंची भीड़

श्योपुर। कूनो नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. मोहन यादव के स्वागत सत्कार के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और मौके पर भय का माहौल बन गया. जहां लोग फोटो और वीडियो बनाने की होड़ में नजर आए. भीड़ इतनी कि मौके पर अव्यवस्था का माहौल बन गया. सवाल खड़े हो रहे हैं कि इतने संवेदनशील जगह पर समर्थकों की एंट्री कैसे हुई. जबकि वन विभाग के अधिकारी मीडिया की एंट्री पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा का हवाला देता रहा है. बोत्सवाना से दो चीतों को खुले जंगल में रिलीज करने के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव कूनो नेशनल पार्क में पहुंचे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत सत्कार के दौरान समर्थकों की भीड़ देखने को मिली. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी और सुरक्षा अमला भीड़ को नियंत्रण करने में बेबस नजर आया. कई समर्थक सीएम डॉ मोहन यादव के बेहद करीब पहुंचकर फोटो वीडियो बनाते नजर आए. अब इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है. हैरानी की बात है जिस कूनो नेशनल पार्क में आम लोगों और मीडिया की एंट्री को लेकर सुरक्षा और प्रोटोकॉल का हवाला देकर रोका जाता है. वहीं नेताओं के समर्थकों पर कोई सख्ती नजर नहीं आई. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मूक दर्शक बनकर देखते रहे. जबकि भीड़ के चलते कुछ समय के लिए अव्यवस्था और भय का माहौल बन गया.

## नाबालिग को बिहार ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीधी**. इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग को बिहार ले जाने वाले आरोपी को जमोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब कराया. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार गुमशुदा बच्चों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में जमोड़ी पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है. पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करते हुए सारण ,बिहार से एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर अपहरणकर्ता आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार थाना जमोड़ी क्षेत्रांतर्गत माह अप्रैल 2026 में एक नाबालिग बालिका के अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की.

## एक नजर में



### धैर्या साहू ने अफ्रीका में किया भारत का प्रतिनिधित्व

**ग्वालियर.** शिक्षा हो या खेल का क्षेत्र, ग्वालियर जिले से विभिन्न प्रतिभाएं उभरकर शहर ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन कर रहे हैं, ऐसा ही एक नाम धैर्या साहू है जिसने मात्र 9 वर्ष की उम्र में तैराकी के माध्यम से ग्वालियर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है. धैर्या साहू ने बताया कि वह 6 वर्ष की उम्र से ही तैराकी का लगातार अभ्यास कर रही थी. वह देश के विभिन्न प्रदेशों में भी अपना करतब दिखा चुकी हैं.

# नवलखा में पांच बसों में भीषण आग

- एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**इंदौर, 11 मई. नवलखा इलाके के तीन इमली क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक के बाद एक पांच निजी बसों में भीषण आग लग गई. आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग लगने के दौरान चार जोरदार धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई. कई लोगों ने बताया कि धमाके गैस सिलेंडर फटने जैसे महसूस हो रहे थे. हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.



> प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल पर खड़ी एक बस में वेल्डिंग का काम चल रहा था. इसी दौरान अचानक बस में आग भड़क उठी और देखते ही देखते आग ने आसपास खड़ी चार अन्य बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया. आग तेजी से फैलने के कारण कुछ ही मिनटों में पूरा क्षेत्र धुएं और लपटों से घिर गया.

## बांधवगढ़ में दो बाघों के संघर्ष में एक की मौत

**उमरिया.** जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आज सुबह दो बाघों के आपसी संघर्ष में एक बाघ की मौत हो गई. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि आज सुबह लगभग साढ़े छह बजे खितौली परिक्षेत्र की पश्चिम बगदरी बीट स्थित ढमढमा कैंप के सुरक्षा श्रमिकों ने बाघों के लड़ने की आवाज सुनी थी. इसके बाद गश्ती दल द्वारा ढमढमा क्षेत्र में सघन छानबीन की गई, जहां एक बाघ मृत अवस्था में मिला. वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दूर से किए गए प्राथमिक परीक्षण में प्रथम दृष्टया बाघ की मौत आपसी संघर्ष के कारण होना पाया गया है. उन्होंने बताया कि मृत बाघ के शरीर पर हमले के निशान मिले हैं. तथा प्रथम दृष्टया उसके सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं.

# लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

**देवास, 11 मई . शादी का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का देवास पुलिस ने पर्दाफाश किया है. नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 'लुटेरी दुल्हन' सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 18 हजार रुपये भी बरामद किए हैं. मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है.**

एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया ने बताया कि फरियादी जानकीलाल पुवाड़िया निवासी देवास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र की शादी नहीं हो रही थी. इसी दौरान अंतर सिंह नामक व्यक्ति ने शादी कराने का झांसा देकर करीब 2 लाख रुपये खर्च होने की बात कही.



इसके बाद आरोपियों ने फरियादी परिवार को राजगढ़ जिले के जीरापुर ले जाकर सीमा नामक युवती और उसकी मौसी गीता बाई से रिश्ता तय कराया. बाद में सीमा को देवास लाकर विधिवत विवाह कराया गया, जिसके एवज में आरोपियों ने 2 लाख रुपये ले लिए. लेकिन शादी के अगले ही दिन दुल्हन सीमा घर से फरार हो गई. इसके बाद पीड़ित परिवार को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

> पुलिस जांच में सामने आया कि यह एक संगठित गिरोह है, जो शादी का झांसा देकर लोगों से मोटी रकम वसूलता है और बाद में फरार हो जाता है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीमा बाई, गीता बाई, पूनमचंद लोधी, कमल मालवीय, फारूक मंसूरी और कमल उर्फ दिलीप को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों से 1 लाख 18 हजार रुपये भी बरामद किए हैं. फिलहाल पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है.

# खाद्य मंत्री से मिले निगम और बोर्ड के अध्यक्ष

- बेहतर कार्य का जताया भरोसा
- मंत्री राजपूत ने नई जिम्मेदारी पर दी बधाई

**भोपाल, 11 मई . मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से सोमवार को मप्र लघु उद्योग निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह और महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने उनके निवास पर सौजन्य भेंट की.**



इस दौरान मंत्री श्री राजपूत ने दोनों अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में निगम और बोर्ड की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों अध्यक्ष सक्रियता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे. मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्येंद्र भूषण सिंह और केशव सिंह भदौरिया सरकार की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए विकास कार्यों को गति देंगे और जवाबदेही के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे. बैठक के दौरान प्रदेश में उद्योगों के विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक उत्थान और हितग्राही मूलक योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई. दोनों अध्यक्षों ने मंत्री श्री राजपूत के मार्गदर्शन के लिए आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे.

# भगवामय हुआ पूरा देश : पवैया

**दतिया, 11 मई. मध्यप्रदेश वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने दतिया में मां पीतांबरा पीठ में पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की.**

दतिया पहुंचने के बाद पवैया सबसे पहले मां पीतांबरा पीठ पहुंचे. यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे.पीतांबरा पीठ के दर्शन के बाद पवैया भगवान वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे. यहां उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा की. मंदिर परिसर में उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे.



> **बंगाल को लेकर दिया राजनीतिक बयान**
>
> दर्शन-पूजन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए जयभान सिंह पवैया ने पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति और राष्ट्रवाद को लेकर बयान दिया. उन्होंने कहा कि बंगाल में राष्ट्रवाद और भारतीय परंपरा की जीत हुई है. पवैया ने कहा कि अब केवल बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरा हिंदुस्तान भगवा रंग में रंग चुका है.

## 78 नशीली सिरप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**रीवा.** नशीली सिरप लेकर आए तीन तस्करों को रीवा जिले की गोविंदगढ़ पुलिस ने पकड़ा है. पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में नशीली कफ शिरफ का सप्लाई नेटवर्क पुलिस के सामने आया है जिस पर पुलिस इससे जुड़े अन्य तस्करों की तलाश कर रही है. गोविन्दगढ़ थाने की पुलिस को सूचना मिली कि धुरेहटी अलोपन माता मंदिर के बगीचे में तीन तस्कर नशीली सिरप लेकर खड़े हुए है. जानकारी मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी और तीनों तस्करों को पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास बोरी में भरी 78 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई जिसको वे बिक्री के लिए लेकर आए थे. आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले आई.



# अवैध खनन रोकने गई फॉरेस्ट टीम पर जानलेवा हमला

- रात भर बनाए रखा बंधक, कई फॉरेस्ट कर्मी घायल

**शिवपुरी, 11 मई. सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के करसेना गांव में बीती रात अवैध मिट्टी उत्खनन रोकने पहुंची फॉरेस्ट टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला बोल दिया. इस हमले में कई फॉरेस्ट गार्ड घायल हुए हैं. जानकारी के मुताबिक अवैध उत्खनन कर्ताओं ने फॉरेस्ट टीम को बंधक बनाए रखा और रात भर उन्हें अपने कब्जे में रखा. मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फॉरेस्ट गार्ड्स की बंधक टीम को मुक्त करा लिया है.**

जानकारी के अनुसार वन विभाग की जमीन पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मिट्टी खोद रहे थे. सूचना मिलने पर फॉरेस्ट टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की. इसी दौरान ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से फॉरेस्ट कर्मियों पर हमला बोल दिया. हमले में कई फॉरेस्ट कर्मी घायल हुए हैं. वहीं ग्रामीण पक्ष के कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं.

ग्रामीणों ने हमले के बाद कुछ फॉरेस्ट कर्मियों को रातभर बंधक बनाकर रखा. कार्यवाहक वन पाल जुल्फिकार अहमद शिवानी ने कहा, 'किसी तरह से मैं वहां से निकलकर सुभाषपुरा थाना पहुंचा और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बंधक बनाए गए फॉरेस्ट कर्मियों को छुड़ाया. फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

## पुलिस ने सभी बंधकों को मुक्त कराया

अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंचा वन प्रशासन का अमला उस समय गंभीर खतरे में आ गया जब अवैध उत्खनन करने वाले ग्रामीणों ने उन्हें हमला बोलकर पहले घायल कर दिया और बाद में बंधक बना लिया. इस दौरान कई वन कर्मी घायल हुए हैं जिन्हें उपचार में देरी का सामना करना पड़ा है. फिलहाल पुलिस ने सभी बंधकों को मुक्त करा कर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया.

# छह हजार की रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**दमोह, 11 मई . लोकायुक्त संगठन की सागर टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत तेजगढ़ के पंचायत सचिव और भृत्य को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. आरोपियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त जारी करने और जियो टैगिंग कराने के बदले रिश्वत मांगी थी.**

शिकायतकर्ता महेंद्र कोष्टी ने लोकायुक्त एसपी सागर के पास शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया कि उनकी पत्नी उषा कोष्टी के नाम से पीएम आवास स्वीकृत हुआ था. पंचायत सचिव जुगराज सिंह ने दूसरी किश्त डालने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की थी.



लोकायुक्त जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ही 4 हजार रुपये ले चुका था. इसके बाद सोमवार को ट्रैप कार्रवाई के दौरान शेष 6 हजार रुपये लेते हुए सचिव जुगराज सिंह और चौकीदार गुड्डा रैकवार को गिरफ्तार कर लिया गया. कार्रवाई महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई.

दोनों आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

**कैबिनेट में लिया गया निर्णय** | अब तक महज 16 हजार रुपए देने की थी लिमिट

# अब राज्य मंत्री 25 हजार रुपए तक दे सकेंगे स्वेच्छानुदान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 मई. प्रदेश के राज्य मंत्री अब जरुरतमंदों को अपने स्वेच्छानुदान मद से 25 हजार रुपए तक की राशि दे सकेंगे. राज्यमंत्रियों की स्वेच्छानुदान मद से राशि देने की लिमिट को 9 हजार रुपए बढ़ा दिया गया है. अब तक वे किसी एक प्रकरण में जरुरतमंद को महज 16 हजार रुपए ही दे सकते थे.**

कैबिनेट ने सोमवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. स्वेच्छानुदान मद से राशि देने के मौजूदा लिमिट को अब अपर्याप्त माना जा रहा था. लिहाजा अब इसमें बढ़ोतरी कर दी गई है.

सीहोर के बुदनी में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल महाविद्यालय की लागत बढ़ गई है. लिहाजा कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 714.91 करोड़ रूपये के स्थान पर 763.40 करोड़ रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय मंजूरी दी है. स्वीकृति अनुसार बुदनी में 100 एम.बी.बी.एस. सीट प्रवेश क्षमता के नवीन चिकित्सा महाविद्यालय तथा 500 सीटर संबद्ध अस्पताल स्थापित किया जाएगा. साथ ही नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए 60 सीट प्रवेश क्षमता के नर्सिंग महाविद्यालय और पैरामेडिकल पाठ्क्रमों के लिए 60 सीट प्रवेश क्षमता के पैरामेडिकल महाविद्यालय की स्थापना भी की जायेगी. इसी तरह कैबिनेट ने नीमच जिले की खुमानसिंह शिवाजी जलाशय सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए लागत राशि 163.95 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इससे नीमच की नीमच तहसील के 22 ग्रामों की कुल 5,200 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी.

> **बीपीएल वाले वृद्धजनों को मिलती रहेगी पेंशन**
>
> इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना भी अगले पांच वर्ष तक लगातार चलती रहेगी. इसके लिएक6115.99 करोड़ रूपये की मंजूरी दी गई है. योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को उनकी पात्रतानुसार 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है.

कैबिनेट ने वित्त विभाग के तहत लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया से संबंधित योजना को एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 बरकरार रखने के लिए कुल 15,598.27 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है. इसी तरह कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग के तहत शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण और उन्नयन सहित सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित योजनाओं को 31 मार्च 2031 तक निरंतर संचालन के लिए 6 हजार 900 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदारों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है. वैश्विक संकट के बीच डामर के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है.